2828(E)
29/04/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 28/4/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, मधुबनी के अन्तर्गत Widening and Strengthening of Khajauli (Santu Chowk) to Sukki Road from Ch. 0+00 to 2+890 (Total Length-2.89 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–18.03.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–962 दिनांक–18.03.2026 द्वारा संसूचित है में लिए गए निर्णय पर विभागीय ज्ञापांक–2398(ई०) दिनांक–10.04.2026 द्वारा संसूचित परिवाद समिति का निर्णय तदनुसार मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1218(अनु०) दिनांक–20.04.2026 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening and Strengthening of Khajauli (Santu Chowk) to Sukki Road from Ch. 0+000 to 2+890 (Total Length-2.89 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, मधुबनी। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹976.58 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–8042(एस०) दिनांक–18.09.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹729.86 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–3236(अनु०) दिनांक–13.10.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹731.12579 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 08 (Eight) Months<br>(Including Monsoon Period) |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 14.02.2026 |

2.10 प्राप्त निविदा की संख्या : 04 (चार) अद्द यथा :–

(i) M/s S & P Infrastructure Developers Private Limited

(ii) M/s Nilamber Tower Private Limited

(iii) Ankit Aryan Infra LLP

(iv) Satya Builders

2.11 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा नहीं है।

2.12 विभागीय संचिका संख्या एवं उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग एवं परिवाद समिति द्वारा प्राप्त परिवाद के निष्पादन का प्रसंग : प्र0–7 / निविदा–03–23 / 2026
उपभागीय ज्ञापांक–962 दिनांक–18.03.2026
विभागीय ज्ञापांक–2398(ई०) दिनांक–10.04.2026

2.13 परिवाद की स्थिति : परिवाद प्राप्त है। दिनांक–09.04.2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही में लिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में विभागीय ज्ञापांक–2398(ई०) दिनांक–10.04.2026 द्वारा परिवाद का निस्तारण किया जा चुका है।

3. <u>मुख्य अभियंता, उत्तर का अनुशंसा (पत्राक–1218(अनु०) दिनांक–20.04.2026):–</u>

विषयांकित कार्य की निविदा का वित्तीय बीड अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा का पत्रांक–707(अनु०) दिनांक–16.04.2026 से प्राप्त हुआ है। दिनांक–09.04.2026 को सम्पन्न परिवाद समिति के निर्णयानुसार तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों की निविदित राशि निम्नवत् है:–

| क्र० सं० | निविदाकार का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (Rs.) | उद्धृत दर (%) | उद्धृत दर पर राशि (Rs.) | बीड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **M/s Nilamber Tower Private Limited** | ₹7,31,12,579.00<br>(सात करोड़ इकतीस लाख बारह हजार पाँच सौ उनयासी रुपये) | परिमाण विपत्र की राशि से 18.00% (अठारह दशमलव शून्य) प्रतिशत कम दर पर। | **₹5,99,52,314.78**<br>**(पाँच करोड़ निन्यानवे लाख बावन हजार तीन सौ चौदह रुपये अट्ठहत्तर पैसे)** | **L-1** |
| 2. | M/s S & P Infrastructure Developers Private Limited | | परिमाण विपत्र की राशि से 12.60% (बारह दशमलव छः शून्य) प्रतिशत कम दर पर। | ₹6,39,00,394.05<br>(छः करोड़ उनचालीस लाख तीन सौ चौरानवे रुपये पाँच पैसे) | L-2 |

इस प्रकार वित्तीय बीड में सफल प्रथम न्यूनतम निविदाकार M/s Nilamber Tower Private Limited है, जिनका निविदित दर परिमाण विपत्र की राशि से 18.00% कम है, जिस पर निविदा की राशि ₹5,99,52,314.00 (पाँच करोड़ निन्यानवे लाख बावन हजार तीन सौ चौदह रुपये) मात्र होती है। अतः न्यूनतम निविदाकार M/s Nilamber Tower Private Limited के पक्ष में ₹5,99,52,314.00 (पाँच करोड़ निन्यानवे लाख बावन हजार तीन सौ चौदह रुपये) मात्र पर कार्य आवंटन की अनुशंसा की जाती है।

4. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः</u>

4.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1218(अनु०) दिनांक–20.04.2026 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा पथ प्रमंडल, मधुबनी के अन्तर्गत **Widening and Strengthening of Khajauli (Santu Chowk) to Sukki Road from Ch. 0+00 to 2+890 (Total Length-2.89 Km.) for the year 2025-26** कार्य की निविदा के वित्तीय बीड में सफल न्यूनतम निविदाकार **M/s Nilamber Tower Private Limited** के पक्ष में उनके उद्धृत दर परिमाण विपत्र की राशि से 18.00% (अठारह दशमलव शून्य) प्रतिशत कम यानि् ₹5,99,52,314.00 (पाँच करोड़ निन्यानवे लाख बावन हजार तीन सौ चौदह रुपये) मात्र, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।

4.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।

4.4 निविदाकार से SBD के सुसंगत कडिकाओं के आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–447(S) दिनांक–16.01.2020 में निहित प्रावधान के अन्तर्गत आवश्यक अतिरिक्त Performance Security प्राप्त करने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाय।

4.5 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपने स्तर से कर लिया जायेगा।

4.6 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।

4.7 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को **e-proc website** पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–23/2026 2828(E) पटना, दिनांक 29/04/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28/04/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।